हिन्दुस्तान
1936
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
शनिवार
6 जून 2026, ज्येष्ठ (अधिक) कृष्ण पक्ष, षष्ठी, विक्रम सम्वत् 2083, बरेली
PAGE NO : 07 MIDDLE

# कार्तिकेय ने अथर्व को सीधे सेटों में पटखनी दी

## 13वीं श्रीराम मूर्ति मेमोरियल फर्स्ट यूपी स्टेट रैंकिंग टीटी शुरू

**आयोजन**



श्रीराम मूर्ति मेमोरियल फर्स्ट यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट शुरू।

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** एसआरएमएस सीईटी परिसर स्थित इनडोर स्टेडियम में शुक्रवार को 13वीं श्रीराम मूर्ति मेमोरियल फर्स्ट यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। स्टैग ग्लोबल द्वारा प्रायोजित, उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट का उद्घाटन श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के सलाहकार सुभाष मेहरा ने फीता काटकर किया। इस दौरान एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस एसोसिएशन बरेली के सचिव डॉ. दीपेंद्र कमथान ने टूर्नामेंट के शानदार आयोजन के लिए एसआरएमएस ट्रस्ट का आभार जताया। बताया कि तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में 425 से ज्यादा मेंस सिंगल्स, यूथ ब्वायज, जूनियर ब्वायज, सब जूनियर ब्वायज, कैडेट ब्वायज, होप्स ब्वायज, वुमन सिंगल्स, गर्ल्स अंडर-19 सिंगल्स, गर्ल्स अंडर-17 सिंगल्स, गर्ल्स अंडर-15 सिंगल्स, गर्ल्स अंडर-13 सिंगल्स, गर्ल्स अंडर-11 सिंगल्स जैसे 12 वर्गों में 725 मुकाबलों में हिस्सा लेंगे। पुरुषों के तीसरे दौर के मुकाबलों में लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव ने गाजियाबाद के वंश सुंद्रियाल को सीधे सेटों में मात दी, जबकि प्रयागराज के आर्यन यादव ने लखनऊ के लक्ष्य कुमार को हराया। आगरा के मौलिक चतुर्वेदी ने गाजियाबाद के आरव राठी पर जीत दर्ज की। बरेली के कार्तिकेय सिंह ने प्रयागराज के अथर्व श्रीवास्तव को हराया, जबकि इटावा के सुव्रत राज वर्मा ने आगरा के अनिकेत गौतम को शिकस्त दी। गाजियाबाद के अर्णव पंवार ने लखनऊ के सैयद अली अब्बास को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। इसके अलावा, कानपुर के अद्वित गुप्ता ने लखनऊ के शौर्य गोयल को, लखनऊ के आशुतोष सिंह ने गाजियाबाद के गर्व सिंगला को, सुल्तानपुर के शिवम चौरसिया ने आगरा के सौरभ पोद्दार को और सहारनपुर के अंश सभरवाल ने प्रयागराज के हनी राय को हराया।